राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांक प0 11(27)मं.मं./2018 जयपुर, दिनांकः 05/11/20

परिपत्र

समस्त प्रभारी मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण/सरकारी मुख्य सचेतक/सरकारी उप मुख्य सचेतक निदेशानुसार 15 दिवस में एक बार अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आवश्यक रूप से भ्रमण कर निम्नांकित बिन्दुओं पर समीक्षा करेंगेः–

1. जन प्रतिनिधिगण के साथ चर्चा कर, कोविड–19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों की वर्तमान तथ्यात्मक स्थिति की समीक्षा।
2. जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर, राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा।
3. समस्त बजट घोषणाओं/जन घोषणाओं/मुख्यमंत्री घोषणा/मुख्यमंत्री निर्देशों की प्रगति की समीक्षा।
4. 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा।

माननीय मंत्रिगण राज्य के अन्य सभी जिलों में अपने विभाग से संबंधित विभागीय समीक्षा किया जाना भी सुनिश्चित करेंगे एवं भ्रमण कार्यक्रम इस प्रकार बनायेंगे कि आगामी छः माह में राज्य के समस्त जिलों में भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हो जावे।

ह0/–

(डॉ0 प्रीतम बी0 यशवन्त)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक/निजी सचिव, मा0 मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण/सरकारी मुख्य सचेतक/सरकारी उप मुख्य सचेतक।
3. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
4. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव।
5. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
6. समस्त जिला कलेक्टर्स, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि मा0 जिला प्रभारी मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण/सरकारी मुख्य सचेतक/सरकारी उप मुख्य सचेतक से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
7. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सेल, सामान्य प्रशासन विभाग।
8. रक्षित पत्रावली।

5/11/2020

(कैलाश चन्द गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव